DOON UNIVERSITY NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

राज्य में महिलाओं की आजीविका बढ़ाने पर दून विवि ने किया शोध

विवि की कुलपति ने राज्यपाल के समक्ष दिया शोध प्रस्तुतिकरण

माई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। राज्य में महिलाओं की आजीविका जल्द ही मजबूत हो सकती है। दून विवि की कुलपति ने वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च के तहत उत्तराखंड में महिलाओं के जीवन और आजीविका में सुधार विषय पर शोध की प्रगति रिपोर्ट राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) के समक्ष पेश की।

राज्यपाल ने राज्य के सभी राज्य विश्वविद्यालयों को उनकी विशेषज्ञता के अनुसार राज्यहित में शोध कार्य करने के निर्देश दिए थे। प्रस्तुतिकरण के दौरान दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने बताया कि उनकी शोध टीम ने भ्रमण कर महिलाओं के जीवन और आजीविका से संबंधित डाटा एकत्र किया। उसका गहन शोध और अध्ययन किया। इसके अलावा महिलाओं के उद्यमिता, आजीविका विविधिकरण, रिवर्स माइग्रेशन, सरकारी योजनाओं के प्रभाव और आजीविका में सुधार के विभिन्न पहलुओं का भी विश्लेषण किया गया, जिनके आधार पर अंतिम निष्कर्ष तैयार किया जा रहा है। राज्यपाल ने विवि की ओर से किए गए शोध कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। राज्यपाल ने उत्तराखंड की मातृशक्ति की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, प्रतिभा और क्षमता असाधारण है। उनकी क्षमताओं को पहचान कर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि इस शोध के अंतिम सुझावों को उत्तराखंड और केंद्र सरकार के साथ साझा किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, सामाजिक विज्ञान के डीन प्रो. राजेंद्र पी ममगांई, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय उपस्थित रहे।

राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह (सेनि) के समक्ष पेश की शोध की प्रगति रिपोर्ट। स्रोत : विभाग

Newspaper –Amar Ujala
Date– 16.01.2025